# भाजपा नेता सुरजीत नागर कांग्रेस में शामिल सैकड़ों समर्थकों के साथ दिया विजय प्रताप को समर्थन

**आरएमपी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार नीमवाल व वैश्य समाज ने दिया विजय प्रताप को दिया जीत का आशीर्वाद**

**फरीदाबाद में स्पोर्ट्स सिटी लेकर आना मेरा ड्रीम, बनने पर हटा देंगे शहर से तीन तीन टोल- विजय प्रताप**



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह उस समय बड़ी कामयाबी मिली जब भाजपा के महामंत्री सुरजीत नागर, आरएमपी चिकित्सा प्रकोष्ठ के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार नीमवाल अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए और अपना समर्थन देते हुए जीत का आशीर्वाद दिया। भाजपा महामंत्री सुरजीत नागर ने कांग्रेस में शामिल होते हुए कहा कि जनसेवक विजय प्रताप सिंह वह व्यक्तित्व है जो बड़खल विधानसभा की कायाकल्प कर देंगे। और नए विजन के साथ पिछले 10 वर्षों से बर्बाद हुई विधानसभा को विकास की पटरी पर पुनः लाएंगे। वहीं विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सुरजीत नागर, डॉ. राजेश कुमार नीमवाल सहित उनकी टीम को कांग्रेस में पूर्ण सम्मान दिया जाएगा।

फरीदाबाद में स्पोर्टस सिटी लेकर आना मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसे मैं पूरा करके रहूंगा। विजय प्रताप सिंह मंगलवार को बडखल विधानसभा क्षेत्र स्थित लेकवुड सूरजकुंड, गांव भाखरी, राजविला गार्डन, माता सीता रसोई, एनएच.1, एसजीएम नगर, कृष्ण परमधाम मंदिर जमाई कॉलोनी, 2ई ब्लॉक एनआईटी, एसजीएम नगर जी ब्लॉक, प्रभु सोसायटी, सेक्टर-21डी में ताबड़तोड़ जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे।

अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जैसे जनसंख्या बाहूल्य शहर में एक स्टेडियम से काम चलने वाला नहीं है, इसलिए मेरा लक्ष्य कुछ बड़ा करने का है और मैं आपसे वादा करता हूं फरीदाबाद के लिए स्पोर्टस सिटी लेकर आऊंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर हर परिवार का एक हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा, जिसकी कीमत मात्र हजार से लेकर 1500 रुपए होगी, जिससे एक परिवार को 25 लाख रुपए का मुफ्त इलाज मिलेगा। इसके अलावा माता-बहनों को घरेलू गैस सिलेंडर 500 रुपए में, बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन और 300 यूनिट फ्री बिजली कांग्रेस पार्टी के मेनिफेस्टो में शामिल है।

विजय प्रताप ने कहा कि भाजपा की सरकार ने हरियाणा का भट्टा बिठाने का काम किया है। कभी जो हरियाणा देश में नंबर 1 था, आज वह कूड़े में नंबर 1 है, गंदगी में नंबर 1 है, कर्ज में नंबर 1 है, भ्रष्टाचार में नंबर 1 है और अपराध में नंबर 1 है। प्रदेश की जो स्थिति हुई है, उसके लिए पूरी तरह भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

विजय प्रताप ने कहा कि गाय के नाम पर वोट भाजपा के राज में ही गौमाता सड़कों पर कचरा खा रही है, उनकी सुरक्षा, उनके आवास के लिए कोई व्यवस्था नजर नहीं आती। जबकि गौसेवा आयोग का 100 करोड़ का बजट है। लेकिन, मैं वादा करता हूं आपसे तीन महीने के बाद आपको शहर में आवारा पशु, गाय, बैल, कुत्ते नहीं मिलेंगे, उनको उनकी उचित जगह पर पहुंचाया जाएगा। फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी का नाम तो दे दिया, मगर काम के नाम पर शहर की स्थिति आप लोगों के सामने है। हरियाणा का चौथाई खर्चा फरीदाबाद उठाता है, लेकिन आज विकास के लिए तड़प रहा है। मेट्रो का एक पिलर भाजपा नहीं लगवा पाई, एक मेडिकल कॉलेज नहीं बनवा पाई। केवल और केवल झूठे वादों से लोगों को लॉलीपॉप देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। उन्होंने कहा कि आज लोगों में राजनीतिक निराशा इतनी हो गई है कि वो सरकार के नुमाइंदों से कुछ मांगने से भी बचते हैं।

आज मैं आपका आशीर्वाद, आपकी वोट लेने आया हूं, इसलिए मेरा भी फर्ज है कि आपको कुछ दूं। मैं वादा करता हूं आप लोगों से तीन महीने का मुझे समय दीजिए, तीन महीनों के बाद आपको हर घर शुद्ध पानी मिलेगा, टूटी हुई सड़क नहीं मिलेगी, सीवर का पानी बहता हुआ कहीं नहीं दिखेगा। पहले ये करने के बाद शहर शहर के विकास की ओर कदम बढ़ाएंगे और सुंदर एवं हरा-भरा शहर आपको लौटा कर देंगे। सभी जगह विजय प्रताप का फूल-मालाओं एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया और बडखल विधानसभा क्षेत्र से जीत का भरोसा दिया।

# गरीब, पिछड़ा व दलित विरोधी भाजपा को वोट की चोट से सिखाओ सबक : रघुबीर तेवतिया



समाचार गेट/कविता

**पृथला।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया के चुनावी अभियान को आज उस समय बडा बल मिला जब समस्त पृथला सैन समाज ने एकजुट हो एक बडी सभा का आयोजन कर पृथला क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को खुलकर अपना समर्थन देते हुए चुनाव में विजयी आशीर्वाद दिया। पृथला में आयोजित इस विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में उपस्थित सैन समाज के लोगों ने पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया को पगड़ी बांधकर जहां अपने अपने समर्थन का ऐलान किया वहीं शेष बचे हुए दिनों में क्षेत्र में प्रचार व प्रसार में भी जुट जाने का आश्वासन दिया।

**समस्त पृथला सैन समाज ने बडी सभा का आयोजन कर कांग्रेस प्रत्याशी का दिया समर्थन**

सभा में भारी भीड से गदगद पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने लोगों को भावनात्मक जोडते हुए कहा कि लोगों के चेहरों पर मुस्कान बता रही है कि सैन समाज ने कांग्रेस को जिताने का पक्का मन बना लिया है। इसलिए अब समय है कि सब एकजुट हो जाओ और अपने आप को कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया बनकर चुनाव लड़ो। कांग्रेस सरकार बनने पर फिर से पृथला क्षेत्र को ईमानदारी, विकास व रोजगार देंगे।

इस मौके पर समस्त पृथला सैन समाज के डॉ. प्रवीण, अमर सिंह, कपिल सरपंच नाई नगला, किशन सरपंच सिकरौना, ऋषि, महावीर रामकिशोर, जगदीश मास्टर फतेहपुर, सतबीर गदपुरी, कुंवरपाल, अरसद, नदियापुर, डॉ. हरिचंद, संदीप मछगर, नेताजी रमेश, साहुपुरा, सतीश मैम्बर आदि पृथला क्षेत्र के विभिन्न गावों के सैन समाज के लोग मौजूद थे। इसके उपरांत कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया ने घाटौट, सदरपुर, नाई नंगला, भगवान नगर, प्याऊ नंगला, बढराम व खजूरका में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जहां उनका फूल मालाओं व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया गया।

# तिगांव में कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर के चुनावी अभियान में जुट रही भीड़

## एक दर्जन चुनावी सभाओं में मांगा कांग्रेस पार्टी के लिए समर्थन



समाचार गेट/संजय शर्मा

**तिगांव।** तिगांव क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने मंगला को क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित किया वहीं कई जगह डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों से आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान उनके समर्थन में जगह-जगह भारी संख्या में लोगों ने एकजुट हो अपने समर्थन का ऐलान किया। उपस्थित लोगों के समर्थन से गदगद कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने कहा कि इस बार लोगों में जो जोश और उत्साह बना हुआ है उससे साफ है कि इस बार तिगांव क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर तिगांव क्षेत्र के विकास व रोजगार के द्वार खोलने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में समूचा क्षेत्र विकास में पिछड़ गया है। सड़क गडडों में तब्दील हो गई हैं वहीं चारों ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है। सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के काम नहीं होता। वहीं महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। किसान,कमेरा वर्ग,कर्मचारियों को हक नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने व्यापारियों को बर्बाद करने का काम किया है। उन्होंने लोगों को कहा कि समूचे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है और निश्चित तौर पर पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता तिगांव क्षेत्र की जनता के बीच घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी के प्रचार व प्रसार में जुट जाएं और स्वयं रोहित नागर बनकर कांग्रेस को बड़ी जीत दिलाने का कार्य करें। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस की सरकार आने पर तिगांव क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

# रविंद्र फौजदार को दुकानदारों व व्यापारियों का मिला भरपूर समर्थन



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रविंद्र फौजदार को बल्लभगढ़ बाजार में दुकानदारों का भरपूर समर्थन और प्यार मिला। रविंद्र फौजदार ने गुप्ता होटल चौक से मुख्य बाजार में अग्रसेन चौक तक और अग्रसेन चौक से अंबेडकर चौक तक सभी दुकानदार और व्यापारियों से मिलकर अपने समर्थन की अपील की और कहा कि इंस्पेक्टर राज को आम आदमी पार्टी ही खत्म कर सकती है जैसे कि दिल्ली में किया है। व्यापारियों और दुकानदारों को किसी प्रकार का कोई डर नहीं रहेगा। आम आदमी पार्टी व्यापारी,दुकानदार, मजदूर किसान की हितैषी पार्टी है इसलिए भरपूर समर्थन देकर भारी वोटों से जीतने का कार्य करें। बाजार में दुकानदारों ने एक युवा का साथ देने और बुजुर्गों ने जीत का आशीर्वाद दिया और कहा कि आने वाला भविष्य आम आदमी पार्टी का है अब शहर के लोग नया चेहरा चाहते हैं दुकानदार भाइयों के प्यार और आशीर्वाद से गदगद भाई रविंदर फौजदार ने कहा कि वह उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और एक बेहतर कार्य क्षेत्र के लोगों को देखने के लिए मिलेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ है व शहर की गंदगी को साफ करने का कार्य करेंगे और लोगों के बीच में रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे इस मौके पर उनके साथ अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# 28 करोड़ की फाइल पास न होने दी, अब 2800 करोड़ की फाइलें होगी पास : नीरज शर्मा

## भाजपा ने एनआईटी के साथ किया भेदभाव



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** भ्रष्ट भाजपा सरकार ने मेरी 28 करोड़ की फाइल पास नहीं होने दी। कांग्रेस सरकार में 2800 करोड़ की फाइलें पास कराऊंगा। ये कहना है एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा का। वह जाटलैंड के गांव झाड़सेंतली में लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का काम विकास कार्य करना होता है। जिससे लोगों को सुविधाएं मिलें। परन्तु भाजपा ने पूरे 10 साल एनआईटी के लोगों के साथ भेदभाव किया है। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य के लिए फंड को मंजूर न करना इसी का उदाहरण है।

श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने एनआईटी के विकास कार्यों के लिए 28 करोड़ की फाइल बनवाई, लेकिन भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार ने इसे पास नहीं होने दिया। जिससे पता लगता है कि भाजपा सरकार की विकास करने की न तो नियत थी और न ही नीति। दस साल का समय कोई कम नहीं होता। दस साल में भाजपा ने एनआईटी फरीदाबाद विधानसभा को स्लम क्षेत्र बना दिया है।

श्री शर्मा ने कहा कि बाबा पूर्व स्वर्गीय पंडित शिवचरण लाल शर्मा ने कांग्रेस सरकार में एनआईटी क्षेत्र में जिस गति से विकास कार्य कराए थे। यदि उसी गति से काम कराए होते। तो आज एनआईटी क्षेत्र में कोई समस्या नहीं होती। शहर की हालत किसी से छिपी नहीं है। जब साफ मौसम होता है, तो सीवरेज जाम रहता है। तथा जब बरसात होती है, तो पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। औद्योगिक शहर पूरी तरह से ठप हो जाता है। लोग जहां के तहां फंस जाते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने कहा कि भाजपा का विकास से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। इन्हें केवल भ्रष्टाचार करना आता है। भाजपा दस साल तक लोगों को परेशान करती रही। उन्होंने कहा कि एनआईटी के विकास के लिए भले ही भाजपा ने 28 करोड़ की फाइल पास न की हो। लेकिन अब प्रदेश में कांग्रेस सरकार आ रही है। जिसके बाद एनआईटी में 2800 करोड़ की फाइलें पास होंगी। जिससे एनआईटी की प्यास बुझाने, सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। जिससे एनआईटी के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसलिए अब किसी के बहकावे में नहीं आना है। ताकि एनआईटी में फिर से विकास हो सके।

# फरीदाबाद में एक्टिव मोड में कार्य कर रही एमसीएमसी : डीसी

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के अंतर्गत फरीदाबाद जिला में प्रशासन की ओर से नियुक्त संबंधित टीम प्रभावी रूप से चुनाव आचार संहिता की पालना दृढ़ता से सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक कदम उठा रही है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में गठित टीमें चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी हर परिस्थिति पर पैनी नजर रखते हुए समयानुसार आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। डीसी ने मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी- एमसीएमसी के लिए नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना करते हुए फरीदाबाद जिला प्रशासन की ओर से मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया है जोकि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर 24 घंटे सातों दिन अलर्ट मोड में है और पेड न्यूज व विज्ञापन पर पैनी नजर रखते हुए तत्परता से प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित होने वाली प्रचार सामग्री पर संज्ञान ले रही है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार व राजनीतिक दल विज्ञापन का प्रसारण एमसीएमसी कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के बिना नहीं कर सकेंगे।



आयोग के नियमों की अवहेलना करने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**नहीं चला सकते राजनीतिक विज्ञापन :**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर जिला स्तर व राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां (एमसीएमसी) का गठन किया हुआ है। यह कमेटी चुनाव से संबंधित सभी प्रकार के विज्ञापनों की अनुमति देगी और पेड न्यूज पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर जारी किए जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों को संबंधित एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणन की आवश्यकता होगी। सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टीवी चैनल, केबल नेटवर्क, रेडियो सहित निजी एफएम चैनल, सिनेमा हॉल, सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले के लिए राजनीतिक विज्ञापन पूर्व प्रमाणन के दायरे में आएंगे। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उक्वमीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होगा वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का भी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। प्रचार सामग्री का प्रमाण पत्र लेने के लिए 48 घंटे पहले एमसीएमसी के पास प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित फार्म में आवेदन करना होगा। एमसीएमसी कमेटी का कार्य पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है।

**एमसीएमसी कक्ष का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण :**

मंगलवार को नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त एवं एमसीएमसी के नोडल अधिकारी स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल ने लघु सचिवालय भूतल पर कमरा नंबर 10 में बने एमसीएमसी रूम का निरीक्षण करते हुए संबंधित ड्यूटी पर कार्यरत स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री पाटिल ने कहा कि उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण के लिए एमसीएमसी कमेटी से प्रकाशन से पूर्व प्रमाण पत्र लेना होगा। उन्होंने इस अवसर पर लॉग रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों का भी बारीकी से अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि विधानसभा आम चुनाव के दौरान उक्वमीदवार एवं राजनीतिक दल चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण के लिए प्रमाण पत्र लेने के लिए लघु सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर, कमरा नंबर 10 में डीआईपीआरओ कार्यालय में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग सेल में संपर्क कर सकते हैं।

# मानसून सीजन ने सितंबर में गिराई डीजल की मांग, 12.3 फीसदी घटी बिक्री

**नई दिल्ली ।**

राज्यों के रिटेल विक्रेताओं की डीजल बिक्री सितंबर के पहले पखवाड़े में पिछले महीने की तुलना में कम हो गई। शुरुआती बिक्री डेटा के अनुसार मानसून की बारिश ने औद्योगिक गतिविधि और आवाजाही को प्रभावित किया। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक और उपभोक्ता भारत में ईंधन की मांग आमतौर पर जून से शुरू होने वाले चार महीने के मानसून सीजन के दौरान कम हो जाती है क्योंकि देश के कुछ हिस्से भारी बाढ़ से प्रभावित होते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि राज्य के खुदरा विक्रेताओं ने सितंबर की पहली छमाही में 2.4 मिलियन मीट्रिक टन डीजल बेचा, जो अगस्त की समान अवधि से 4 प्रतिशत कम और एक साल पहले की तुलना में 12.3 प्रतिशत कम है। डीजल का उपयोग ज्यादातर ट्रकों और वाणिज्यिक वाहनों द्वारा किया जाता है। मुख्य रूप से यात्री वाहनों में उपयोग होने वाले गैसोलीन की बिक्री 1.23 मिलियन टन पर स्थिर रही। हालाँकि, आंकड़ों से पता चलता है कि गैसोलीन की बिक्री पिछले साल पहली सितंबर से 5.1 प्रतिशत कम थी।

गतिशीलता को सीमित करने के अलावा मानसून की बारिश ने कृषि क्षेत्र की मांग को भी प्रभावित किया है क्योंकि किसान सिंचाई के लिए गैसोइल से चलने वाले जनरेटर का उपयोग करते हैं। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में गैसोइल की खपत सीधे औद्योगिक गतिविधि से जुड़ी हुई है। राज्य के खुदरा विक्रेताओं इंडियन ऑयल कॉर्प, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्प लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कॉर्प लिमिटेड के पास देश के लगभग 90 प्रतिशत खुदरा ईंधन आउटलेट हैं। चार राज्य ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने सितंबर की पहली छमाही में 1.32 मिलियन टन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस बेची, जो पिछले महीने से 3.3 प्रतिशत अधिक और पिछले वर्ष से 2.9 प्रतिशत कम है। आंकड़ों से पता चलता है कि विमानन ईंधन की बिक्री पिछले महीने से 1.1 प्रतिशत कम होकर 303,600 टन रही।

# जिंदल ग्रुप ने किया ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश के लिए साझेदारी का ऐलान

**नई दिल्ली।**

जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड और जिंदल रिन्यूएबल्स की ओर से हाल ही में ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश के लिए साझेदारी का ऐलान किया गया। देश की स्टील इंडस्ट्री में दोनों कंपनियों की ओर से डी-कार्बोनाइजेशन और ग्रीन एनर्जी में लीडरशीप के लिए यह एमओयू साइन किया है। जिंदल स्टील की योजना ग्रीन हाइड्रोजन को ओडिशा के अंगुल में स्थित उसके डायरेक्ट रेड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) यूनिट्स में एकीकृत करना है।कंपनी की ओर से कहा गया कि पहले चरण में जिंदल रिन्यूएबल्स की ओर से 4,500 टन प्रति वर्ष की ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित की जाएगी। इसे शुरू करने की डेडलाइन दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इस प्रोजेक्ट में प्रति वर्ष 36,000 टन ऑक्सीजन की आपूर्ति भी शामिल होगी जिसका उपयोग अंगुल स्टील वर्क्स में किया जाएगा। जिंदल रिन्यूएबल्स की ओर से जिंदल स्टील यूनिट्स को 3 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी की भी आपूर्ति की जाएगी। इसके जरिए जिंदल स्टील की कोशिश अगले 2 से 3 वर्षों में कोयले पर निर्भरता को 50 प्रतिशत तक घटाना है। जिंदल स्टील के स्ट्रेटजी और कॉरपोरेट मामलों के एक अधिकारी ने कहा कि उत्पादन के प्रोसेस में ग्रीन एनर्जी और ग्रीन हाइड्रोजन का एकीकरण करके हम न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम कर रहे हैं, बल्कि भारत की स्टील इंडस्ट्री के लिए नए बेंचमार्क सेट कर रहे हैं।




# निवेश किए 20 हजार बन गए करोड़पति! एक साल में 53 हजार फीसदी चढ़ा शेयर

**नई दिल्ली।**

टीवी इंडस्ट्री की एक कंपनी ने निवेशकों को बना दिया करोड़पति। इस स्टॉक ने निवेशकों को एक साल मालामाल कर दिया है। यह स्टॉक एक साल में करोड़पति बना चुका है। यह कंपनी श्री अधिकारी ब्रदर्स के नाम से जानी जाती है, जिसने इस अवधि के दौरान 53,050 फीसदी का रिटर्न दिया है। पिछले एक महीने से यह स्टॉक हर दिन अपर सर्किट लगा रहा है। विगत शुक्रवार को भी इसके शेयर अपर सर्किट पर थे, जो करीब दो फीसदी चढ़कर 690.95 रुपये पर बंद हुए। एक महीने में इस शेयर ने करीब 49 फीसदी का रिटर्न दिया है। पिछले पांच दिन में इस शेयर में आठ फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी आई। वहीं छह महीने में यह शेयर 1500 फीसदी चढ़ गए है। कंपनी ने जनवरी से लेकर अभी तक निवेशकों को 23,725.86 फीसदी का रिटर्न दिया है। लगातार सर्किट लगाने के कारण इसके सर्किट लिमिट को एक्सचेंजों ने घटाकर दो फीसदी कर दिया है, जिसका मतलब है कि एक दिन में यह शेयर दो फीसदी से ज्यादा नहीं चढ़ सकेंगे और ना ही बढ़ सकते हैं। लिमिट तय होने के बाद भी श्री अधिकारी ब्रदर्स के शेयर पर अपर सर्किट लगने का सिलसिला जारी है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये शेयर हाई रिस्क वाला हो सकता है, क्योंकि ये छोटी कंपनी का शेयर है। ऐसे कंपनियों का मार्केट वैल्यू बहुत कम होता है, जिस कारण बड़े निवेशकों के लिए इस शेयर को गिराना और चढ़ाना आसान होता है। इस कारण सावधानी से ऐसे शेयरों में निवेश करना चाहिए, वरना आपको नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड एक भारतीय टेलीविजन नेटवर्क कंपनी है जिसका मुख्यालय मुंबई में है। 90 के दशक में श्री अधिकारी ब्रदर्स ने दूरदर्शन, स्टार प्लस और अन्य टेलीविजन चैनलों से टीवी धारावाहिकों का निर्माण शुरू किया था। 1999 में, सब टीवी नाम से हिंदी कॉमेडी चैनल शुरू किया लेकिन 6 साल बाद इसे सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया को बेच दिया था। अब कंपनी हिंदी संगीत और व्यंग्य चैनल के रूप में अपना दूसरा चैनल मस्ती चलाती है।

# हॉनर 200 लाइट 5जी की लॉन्च डेट का ऐलान




**नई दिल्ली ।**

स्मार्टफोन का निर्माण करने वाली कंपनी ऑनर ने अपने नए स्मार्टफोन हॉनर 200 लाइट 5जी की लॉन्च डेट का ऐलान कर दिया है। अमेजन पर फोन का टीजर जारी किया गया है, जिसमें इसके कई फीचर्स का खुलासा हो चुका है।

भारत में यह फोन 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे लॉन्च किया जाएगा। फोन का डिजाइन काफी स्लीक और हल्का है, जिसकी मोटाई 6.78 एमएम और वजन 166जी है। यह स्मार्टफोन तीन कलर ऑप्शन- स्टारी ब्लू, सियान लेक और मिडलाइन ब्लैक में उपलब्ध होगा। हॉनर 200 लाइट 5जी की सबसे बड़ी खासियत इसका कैमरा है। इसमें 108 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा एफ/1.75 अपर्चर के साथ दिया गया है। इसके अलावा डेप्थ सेंसर और मैक्रो लेंस भी होगा, जो एफ/2.2 और एफ/2.4 अपर्चर के साथ आएगा। सेल्फी के लिए 50 मेगापिक्सल का वाइड-एंगल फ्रंट कैमरा दिया जाएगा।हॉनर 200 लाइट 5जी को एसजीएस की 5-स्टार ड्रॉप रेजिस्टेंस रेटिंग भी मिली है। यह फोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6080 प्रोसेसर पर काम करेगा और इसमें 4,500 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 35वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करेगी। यह फोन पहले से ही ग्लोबल मार्केट में लॉन्च हो चुका है, जहां इसके फीचर्स की काफी सराहना की गई है।

हॉनर 200 लाइट 5जी का मुकाबला मिड-रेंज सेगमेंट में अन्य 5जी स्मार्टफोन्स से होगा। फोन पोर्ट्रेट फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन माना जा रहा है। फोन में 6.7 इंच का फुल एचडी प्लस अमोलेड डिस्प्ले होगा, जो बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देगा। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड मैजिक ह्रस 8 पर काम करेगा, जिससे यूजर्स को लेटेस्ट सॉफ्टवेयर एक्सपीरियंस मिलेगा। इसकी सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए इसमें साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर भी दिया गया है।

# रुपया डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की बढ़त के साथ 83.84 पर पहुंचा

**- गवर्नर बोले-आरबीआई की नीति रुपए मे अस्थिरता को रोकना है**



**नई दिल्ली।**

डॉलर के मुकाबले रुपया उभरकर आया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास के मुताबिक केंद्रीय बैंक की नीति रुपए में अस्थिरता को रोकना है। उन्होंने रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि स्थिर रुपया बाजार में निवेशकों में भरोसा पैदा करता है और इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद मिलती है। आरबीआई फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपए को स्थिर रखने के लिए कार्य करता रहता है। इसके लिए जरूरत पड़ने पर सरकारी बैंकों के जरिए अमेरिकी डॉलर की भी बिक्री की जाती है। इससे पहले ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म जेफरीज की ओर से एक नोट जारी किया गया था, जिसमें बताया कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में रुपया दुनिया की सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक है। मार्केट समीक्षक ने कहा कि रुपए के स्थिर रहने की वजह डॉलर का कमजोर होना है, जिस कारण रुपया में डॉलर के मुकाबले मामूली कमी आई है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट जतिन त्रिवेदी ने कहा कि बाजार का ध्यान अब अमेरिकी फेड की बैठक पर है। इसमें ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कटौती की जा सकती है। ब्याज दरों में कटौती होने की ज्यादा संभावना की वजह अमेरिका का खराब जॉब डेटा है, जिसमें जॉबलेस क्लेम की संख्या बढ़कर 2,30,000 हो गई है, जो कि 2,28,000 आने की उम्मीद थी। मंगलवार के शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की बढ़त के साथ 83.84 पर कारोबार कर रहा था। मार्केट विशेषज्ञ के मुताबिक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया स्थिर रहने की उम्मीद है। 83.80 से लेकर 83.70 एक अहम सपोर्ट लेवल है। वहीं, 84.05 से लेकर 84.15 एक अहम रुकावट का स्तर है।

# मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा एक लाख के पार

**मुंबई ।**

इस साल सितंबर महीने में मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा एक लाख से अधिक हो गया है, जो पिछले साल की तुलना में काफी तेजी दिखाता है। 2023 में यह आंकड़ा अक्टूबर के आखिर तक पहुंचा था, जबकि इस वर्ष सितंबर के मध्य में ही प्रॉपर्टी बिक्री ने 1 लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। मुंबई प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन विभाग के अनुसार 16 सितंबर तक 1.03 लाख से अधिक प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में करीब 90 हजार घरों की बिक्री हुई थी। 2023 के जनवरी से सितंबर तक की तुलना में इस साल 10 हजार से अधिक घरों की बिक्री हुई है। खास बात यह है कि सितंबर 2024 में अब तक 5,962 घरों की बिक्री हो चुकी है, जिससे सरकार को 957 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। मुंबई में प्रॉपर्टी बाजार की यह तेजी इस बात की ओर इशारा करती है कि रियल एस्टेट क्षेत्र में गतिविधियां तेज हो रही हैं और लोगों की घर खरीदने की रुचि बढ़ रही है।



# थोक महंगाई 4 महीने के निचले स्तर पर, अगस्त में 1.31 फीसदी रही

**नई दिल्ली ।** थोक महंगाई अगस्त महीने में 1.31 फीसदी पर आ गई है। ये इसके 4 महीने का निचला स्तर है। बताया जा रहा है कि रोजाना की जरूरत वाला सामान सस्ता होने से महंगाई में गिरावट देखी जा रही है। इससे पहले जुलाई में थोक महंगाई घटकर 2.04 फीसदी पर आ गई थी। जून में ये 3.36 फीसदी और मई में 2.61 फीसदी पर थी। वहीं अप्रैल में ये 1.26 फीसदी पर थी। इससे पहले 12 सितंबर को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए थे। अगस्त महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65 फीसदी हो गई है। जुलाई महीने में ये 3.54 फीसदी पर थी। सब्जियों के महंगे होने से अगस्त महीने में रिटेल महंगाई बढ़ी है। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक भाव बहुत ज्यादा समय तक उच्च स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई पर लगाम लगा सकती है। जैसे कच्चा तेल ज्याद महंगा होने की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। हाल ही में हुई मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग के दौरान आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा था। आरबीआई गवर्नर ने कहा था- महंगाई कम हो रही है, लेकिन प्रोग्रेस धीमी और असमान है। भारत की महंगाई और ग्रोथ ट्रैजेक्टरी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना महत्वपूर्ण है कि महंगाई टारगेट के अनुरूप हो।

# सब्जियों की कीमतों में आ सकती है गिरावट

**नई दिल्ली ।** भारत में इस साल अब तक लंबी अवधि के औसत से 8 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। जिससे आने वाले समय में सब्जियों और दूध की औसत खुदरा कीमतों में गिरावट आ सकती है। यह जानकारी हाल ही जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि अब बुआई करीब पूरी हो चुकी है। अब फोकस फसल कटाई सीजन की तरफ शिफ्ट हो गया है। इस साल 6 सितंबर तक कुल 109.2 मिलियन हेक्टेयर्स क्षेत्र में बुआई हुई है और इसमें पिछले साल के मुकाबले सालाना आधार पर 2 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस सीजन में सभी मुख्य फसलों की अच्छी बुआई देखने को मिली है। चावल की 41 मिलियन हेक्टेयर्स, दालों की 12.6 मिलियन हेक्टेयर्स, मोटे अनाज की 18.9 मिलियन हेक्टेयर्स और तिलहन की 19.2 मिलियन हेक्टेयर्स में बुआई हुई है। बुआई का कुल क्षेत्रफल सामान्य बुआई क्षेत्रफल का 99 प्रतिशत है, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 98 प्रतिशत था। रिपोर्ट में बताया गया कि अधिक आपूर्ति होने के कारण कीमतों में हाल में कमी देखने को मिली और कीमतें कुछ समय के लिए यहां स्थिर रह सकती हैं, जब तक बाजार में नई आपूर्ति नहीं आ जाती है।



# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेज के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबार दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 90.88 अंक करीब 0.11 फीसदी ऊपर आकर 83,079.66 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 34.80 अंक तकरीबन 0.14 फीसदी बढ़कर 25,418.55 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स के 15 शेयर लाभ पर बंद हुए। भारती एयरटेल, एनटीपीसी, एमएंडएम, टाइटन और एलएंडटी सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे जबकि कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, बजाज फाइनैंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, रिलायंस और इंफोसिस के शेयर भी उछले। वहीं दूसरी ओर 15 शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी और टाटा स्टील सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, मारुति, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक के शेयर भी नीचे आये। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार हुआ। जापान के निक्केई इंडेक्स में 2.06 फीसदी और शंघाई कंपोजिट में 0.48 फीसदी की गिरावट रही। टोक्यो, बैंकॉक और शंघाई बाजार लाल निशान में हैं। वहीं हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 1.50 फीसदी की गिरावट आई। गत दिवस अमेरिकी बाजार मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए थे। इससे पहले आज सुबह बाजार कारोबारी सत्र में करीब सपाट स्तर पर खुला। सभी मुख्य सूचकांकों में एक सीमित दायरे में कारोबार हो रहा था। बीएसई का सेंसेक्स 78 अंक की गिरावट के साथ 82,909 और निफ्टी 12 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,370 पर कारोबार कर रहा था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी सपाट कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 7 की मामूली गिरावट के साथ 60,252 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 5.90 अंक की मामूली बढ़त के साथ 19,543 पर था



# एक्सिस बैंक ने 15 नये शहरों में संपत्ति प्रबंधन सेवाएं बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** एक्सिस बैंक ने कहा कि उसका निजी बैंकिंग व्यवसाय बरगंडी प्राइवेट अपनी संपत्ति प्रबंधन सेवाओं का विस्तार 15 नए शहरों में करेगा। इसके साथ ही बरगंडी प्राइवेट की उपस्थिति देश के 42 स्थानों तक हो जाएगी। एक्सिस बैंक ने कहा कि इस रणनीतिक कदम के साथ बरगंडी प्राइवेट अब भारत के तेजी से विकसित हो रहे दूसरी श्रेणी के बाजारों में ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के अनुसार अपनी संपत्ति प्रबंधन सेवाएं देगा। बयान के मुताबिक नए स्थानों में भुवनेश्वर, पटना, रायपुर, आगरा, गाजियाबाद, जोधपुर, उदयपुर, जालंधर, मेरठ, बेलगाम, कोझीकोड, तिरुवनंतपुरम, औरंगाबाद, नागपुर और गांधीधाम शामिल हैं।

# मिंत्रा का बिग फैशन फेस्टिवल 26 सितंबर से

**34 लाख ट्रेंड-फर्स्ट फेस्टिव फैशन स्टाइल होंगे उपलब्ध**

**बेंगलुरु ।** मिंत्रा ने बहुप्रतीक्षित बिग फैशन फेस्टिवल (बीएफएफ) की शुरुआत 26 सितंबर से होने जा रही है। इसका टाइटल स्पॉन्सर बोट है। इस फेस्टिवल में 34 लाख स्टाइल उपलब्ध होंगे जो पिछले संस्करण से 47 प्रतिशत अधिक है। इस इवेंट में 9,700 से अधिक घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और देश में ही विकसित प्रमुख ब्रांड हिस्सा लेंगे। ग्राहकों के पास विभिन्न केटेगरी में विकल्पों का भंडार होगा। मिंत्रा के लॉयल्टी प्रोग्राम के सदस्यों यानि 'मिंत्रा इनसाइडर' के लिए बिग फैशन फेस्टिवल 24 घंटे पहले 25 सितंबर को ही शुरू हो जाएगा। इस साल का फेस्टिवल नई तरह की डीलों से भरपूर है जिससे ग्राहकों को काफी फायदा होगा। इसके अलावा बिग फैशन फेस्टिवल में ब्रांड ऑफ द डे की विशेष डील होगी जिसमें ग्राहक अभूतपूर्व कीमत पर अपने पसंदीदा ब्रांड के सलेक्शन से खरीदारी कर सकेंगे। सबसे किफायती डील में से एक है 'बाय 1 गेट 4', एक अद्वितीय अवसर जिसमें ग्राहक अपनी दिली संतुष्टि के हिसाब से खरीदारी कर त्योहारी मौसम के लिए अपने कपड़ों का कलेक्शन तैयार कर सकते हैं।

# महिंद्रा की नजर छोटे व्यावसायिक वाहनों पर

**नई दिल्ली ।**

वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी महिंद्रा ऐंड महिंद्रा (एमऐंडएम) की नजर अपने शहरी समृद्धि प्लेटफॉर्म (यूपीपी) पर तैयार की गई वीरो की पेशकश के साथ 3.5 टन से छोटे वाणिज्यिक वाहन (एससीवी) बाजार पर दबदबा हासिल करने पर है। कंपनी इसे डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक जैसी बहु ईंधन विकल्पों में पेश करेगी। कंपनी ने पहले ही संकेत दिया था कि वह अपने हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) पोर्टफोलियो को महत्वपूर्ण तरीके से बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी का लक्ष्य साल 2030 तक सात नए मॉडल बाजार में उतारने का है। आने वाली एससीवी से इंट्रासिटी लॉजिस्टिक्स जरूरतों जैसी समस्याओं का समाधान होगा और इसमें इलेक्ट्रिक वाहन समेत विभिन्न ईंधन विकल्प भी शामिल होंगे और इन सभी वाहनों की वजन सीमा 3.5 टन रहेगी। एमएंडएम ने शुरुआती स्तर पर 7.99 लाख रुपये की वीरो पेश की है, जो फिलहाल डीजल और सीएनजी वेरियंट में मिल रही है और आने वाले समय में इसका इलेक्ट्रिक मॉडल भी पेश किया जाएगा। एमएंडएम वाहन खंड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यूपीपी एक बहु ईंधन प्लेटफॉर्म है, जिसे मॉड्यूलर वाणिज्यिक वाहन प्लेटफॉर्म के तौर पर बनाया गया है। इसे कई डेक के साथ एक से दो टन तक भार उठाने और कई पावरट्रेन विकल्पों को समायोजित करने के लिहाज से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने प्लेटफॉर्म और वीरो को विकसित करने के लिए 900 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अधिक उत्पाद जोड़ने पर और अधिक निवेश की जरूरत होगी ताकि जरूरत पड़ने पर उत्पादन बढ़ाया जा सके। मगर उन्होंने यह भी कहा कि निवेश का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है।




# स्पाइसजेट के क्यूआईपी को जोरदार रिस्पांस, 3000 करोड़ के ऑफर

**नई दिल्ली ।** एविएशन सेक्टर की कंपनी स्पाइसजेट को क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) को जोरदार रिस्पांस मिला है। निवेशकों ने इस पर भरोसा जताया है। क्यूआईपी के लिए 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा के ऑफर मिले हैं। कंपनी की ग्रोथ स्टोरी बेहतर नजर आ रही है. सूत्रों के अनुसार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संस्थागत निवेशकों दोनों का ही विशेष ध्यान है। म्यूचुअल फंड, एफआईआईएस भाग लेंगे। क्यूआईपी ओवरसब्सक्रिप्शन बाजार के भरोसे का संकेत देता है। क्यूआईपी को मिली मजबूत प्रतिक्रिया स्पाइसजेट की मजबूत बाजार प्रतिष्ठा और उद्योग चुनौतियों से निपटने और अपनी परिचालन क्षमताओं का विस्तार करने की इसकी क्षमता में निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। क्यूआईपी से मिली रकम का उपयोग स्ट्रैटजिक ग्रोथ के लिए किया जाएगा।





# फिल्म मेकर कबीर खान ने अभिनेत्री शरवरी की जमकर की तारीफ

फिल्म निर्माता कबीर खान ने द फॉरगॉटन आर्मी सीरीज में उनके साथ काम कर चुकी शरवरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब उन्होंने सीरीज के लिए अभिनेत्री का ऑडिशन लिया तो उन्हें एहसास हो गया था कि उनके सामने एक विशेष प्रतिभा की मालकिन थी। फिल्म निर्माता ने कहा, जब मैंने अपनी सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' के लिए शरवरी का ऑडिशन लिया तो मुझे खुशी हुई कि मैंने एक खास प्रतिभा की खोज की है जो आने वाले वर्षों में अविश्वसनीय प्रदर्शन करेगी। वह उन सहज कलाकारों में से एक हैं जिनके साथ मैंने काम किया है। कबीर ने कहा, उनकी उपस्थिति और आकर्षण पर्दे पर ऐसी चमक पैदा करती है जो बहुत कम कलाकारों के पास होती है और जिन लोगों के पास होती है, वे सिनेमा पर गहरा प्रभाव छोड़ जाते हैं। एक मार्गदर्शक के रूप में कबीर को शरवरी की यात्रा पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा, उन्होंने पहले ही पूरे उद्योग को अपनी प्रतिभा के बारे में बात करने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्हें अभी बहुत कुछ करना है और बहुत कुछ हासिल करना है, लेकिन भारतीय फिल्म उद्योग के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में से एक के रूप में पहचाने जाने के अपने लक्ष्य के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और एकनिष्ठ दृष्टिकोण वास्तव में प्रभावशाली है। वह जानती हैं कि उन्होंने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर ही इस इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बनाई है और इसलिए वह हर फिल्म के लिए अतिरिक्त मेहनत करती हैं। कबीर का मानना है कि शरवरी अपने अविश्वसनीय अभिनय से बॉलीवुड में अमिट छाप छोड़ेंगी।





# बे की तुलना करीना के पू से करने पर बोलीं अनन्या

अनन्या पांडे हिंदी सिनेमा की जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। वह बॉलीवुड की सबसे चर्चित स्टार किड्स में से एक हैं। उन्होंने भले ही अब तक कुछ फिल्मों में ही काम किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर उन्हें पसंद करने वालों की सूची काफी ज्यादा लंबी है। अभिनेत्री इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरीज कॉल मी बे को लेकर चर्चा में हैं। मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने उनके इस किरदार को पू की बेटी तथा पू का आज के इस जेनेरेशन वाला वर्जन बताया है। गौरतलब है कि करण जौहर की साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर खान द्वारा निभाया गया पू का किरदार आज भी काफी ज्यादा लोकप्रिय है। कभी खुशी कभी गम में करीना कपूर द्वारा निभाया गया किरदार पू आज भी फिल्मी दुनिया में काफी प्रतिष्ठित भूमिका है। करण जौहर ने बे को पू की जेन जी जेनरेशन वाली 2.0 वर्जन बताया था। हालांकि, अनन्या ने दावा किया कि उन्होंने पू के किरदार को छूने की भी कोशिश नहीं की। उन्होंने इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मुझे नहीं लगता कि हम बेबो ने जो किया है, उसे छूने या उसके करीब आने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वह सचमुच आइकन और एक रानी हैं। उन्होंने जो किया वह एक विरासत है और वह असाधारण था। अनन्या ने करीना का जिक्र करते हुए आगे कहा कि यह करीना के प्रति उनकी श्रद्धांजलि है। उन्होंने आगे कहा कि अगर बे एक प्रतिशत भी पू जितनी प्यारी हो सकती है, तो उन्हें लगता है कि इससे सभी खुश होंगे। बताते चलें कि करण जौहर ने कहा था, अगर रोहन और पूजा को अब एक बच्ची होती, तो वह बे होती। मैं सिर्फ इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि वह वाकई पू की शानदार जेन जी वर्जन है। यह ऐसा है जैसे पू जहां खत्म होती है, वहां बे शुरू हो जाती है। करण जौहर ने कॉल मी बे शो के ट्रेलर लॉन्च पर दोनों किरदारों को लेकर अपनी राय जाहिर की थी। उन्होंने कहा था, मैं उसे सबसे अच्छे तरीके से वर्णित कर सकता हूं, क्योंकि जब आपने पू का किरदार देखा था, तो वह मौज-मस्ती और खेल से शुरू हुआ था, लेकिन बाद में वह भी कभी खुशी कभी गम में चल रही भावनात्मक गंभीरता में अपना योगदान देती नजर आती है। जाहिर है कि कॉल मी बे में अनन्या एक साउथ दिल्ली की लड़की के रूप में दिखाई गई है, जो एक अरबपति की बेटी है और काफी मौज-मस्ती करती है। लेकिन सब कुछ खोने के बाद वह मुंबई चली जाती है और एक पत्रकार के रूप में नए सिरे से जिंदगी की शुरुआत करती है। कॉल मी बे 6 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस सीरीज से अनन्या पांडे ने अपना ओटीटी डेब्यू किया है। उनकी इस सीरीज को करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा निर्माण किया गया है। इस शो में अनन्या के अलावा विहान समत, वरुण सूद, गुरफतेह पीरजादा, मुस्कान जाफरी और निहारिका दत्त आदि नजर आ रहे हैं। शो का निर्देशन कोलिन डीकुन्हा ने किया है।



# 19 साल बाद बॉक्स ऑफिस पर फिर टकराएंगे शाहरुख-रणबीर




शाहरुख खान और रणबीर कपूर हिंदी सिनेमा के दो ऐसे अभिनेता हैं, जिनके अभिनय को काफी सराहा जाता है। रणबीर कपूर और शाहरुख खान के बीच एक बात और बेहद कॉमन है कि दोनों ही अभिनेताओं की महिला फैंस के बीच काफी ज्यादा लोकप्रियता है। इसके अलावा रणबीर कपूर ने जब साल 2007 में फिल्म सांवरिया से डेब्यू किया था, उस समय उनकी फिल्म की टक्कर शाहरुख खान की फिल्म ओम शांति ओम से हुई थी। इसके बाद एक बार फिर दोनों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराने वाली हैं। शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग काफी ज्यादा चर्चा बटोर रही है। फिल्म में शाहरुख एक बार फिर डॉन के किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन सुजॉय घोष कर रहे हैं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि शाहरुख इस फिल्म को 2026 में ईद पर रिलीज करने की तैयारी में हैं। वहीं, रणबीर कपूर की लव एंड वॉर में उनके साथ छावा अभिनेता विक्की कौशल और आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। शुक्रवार को दिग्गज निर्मात-निर्देशक संजय लीला भंसाली की टीम ने घोषणा की है कि ये फिल्म क्रिसमस 2025 पर रिलीज न होकर अब साल 2026 में ईद पर रिलीज होगी।



# अक्षय की हाउसफुल 5 में नजर आएंगी पांच अभिनेत्रियां? लंदन में होगी फिल्म की शूटिंग







साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी ड्रामा फिल्म हाउसफुल की फ्रैंचाइजी की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 जल्द लेकर आ रहे हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा पहले ही की जा चुकी है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर हाउसफुल 5 की घोषणा की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाउसफुल की पांचवीं किस्त को एक क्रूज पर सेट किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बार हाउसफुल 5 यह अब तक की सबसे बड़ी फिल्म होगी और निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने इस बार फिल्म की पांचवीं किस्त के लिए बड़े कलाकारों को इकट्ठा किया है। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ और डिनो मोरिया शामिल हैं। हाउसफुल 5 की फीमेल लीड की बात करें तो इस बार हाउसफुल 5 में पांच अभिनेत्रियां नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस बार हाउसफुल की पांचवीं किस्त में **जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, चित्रांगदा सिंह, सौंदर्या शर्मा** की मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। हाउसफुल 5 में हर किरदार किसी न किसी वजह से फिल्म का हिस्सा है। फिल्म की शूटिंग 15 सितंबर को लंदन में शुरू होगी, जो 45 दिनों तक चलेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग पहले लंदन में कुछ दृश्यों से शुरुआत करेंगे और फिर एक क्रूज पर इसकी शूटिंग की जाएगी। लंदन के बाद, टीम इस साल के आखिर में एक और शेड्यूल के लिए मुंबई वापस लौटेगी। अक्षय कुमार के प्रशंसक उन्हें एक बार फिर से उनके खास कॉमिक अंदाज में देखने के लिए उत्साहित हैं।



# संजय लीला भंसाली की तुम ही हो होगी रोमांटिक फिल्म? दिखेगी सिद्धांत-मृणाल की जोड़ी

**निर्देशक संजय लीला भंसाली अपने बेहतरीन निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। संजय की कुछ समय पहले वेब सीरीज हीरामंडी रिलीज हुई थी। इस वेब सीरीज ने सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोरीं। मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के अनुसार, अब संजय एक म्यूजिक आधारित प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की रोमांटिक जोड़ी देखने को मिलेगी।**

## फिल्म का शीर्षक होगा तुम ही हो?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संजय की आगामी फिल्म का शीर्षक तुम ही हो हो सकता है। फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि, निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर किसी भी प्रकार की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

## उत्तराखंड में होगी आगे की शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग मई 2023 से शुरू हो चुकी है। फिल्मांकन का अगला शेड्यूल उत्तराखंड के खूबसूरत राज्य में होगा। टीम सितंबर के आखिर में उत्तराखंड जाएगी और शूटिंग के अगले चरण के लिए अक्टूबर में कुछ समय के लिए वहीं रुकेगी। सिद्धांत और मृणाल बाकी टीम के साथ वहां शूटिंग में शामिल होंगे।

## सिद्धांत और मृणाल संगीतकार की भूमिका निभाएंगे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तुम ही हो में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर संगीतकारों की भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा होने का वादा करती है। चूंकि दोनों कलाकार संगीतकार की भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए फिल्म का संगीत बेहद शानदार होने की पूरी उम्मीद है। तुम ही हो का निर्माण जारी है, वहीं सिद्धांत चतुर्वेदी अपनी एक्शन फिल्म युध्रा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। वह तृप्ति डिमरी के साथ धड़क 2 पर भी काम कर रहे हैं , जो इस साल के आखिर तक रिलीज होने वाली है। इस बीच, मृणाल ठाकुर के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनमें अजय देवगन के साथ वह सन ऑफ सरदार 2 और वरुण धवन के साथ डेविड धवन द्वारा निर्देशित एक नई फिल्म में नजर आ सकती हैं।



# करण जौहर के शो द ट्रेटर्स में नजर आएंगे ये सितारे, जैसलमेर में हो रही है शूटिंग

इंडस्ट्री के चर्चित निर्माता निर्देशक करण जौहर एक रियलिटी शो होस्ट करने जा रहे हैं। इस शो का नाम है द ट्रेटर्स है। यह शो से जुड़ी हर अपडेट पर फैंस की नजर है। इस शो की शूटिंग जैसलमेर में शुरू हो चुकी है। अब नई जानकारी के मुताबिक इस रियलिटी शो में शामिल होने वाले कुछ कंटेस्टेंट के नाम सामने आए हैं। आइए आपको बताते हैं इन सेलेब्स के नाम।

### जन्नत जुबैर

टीवी शो में नजर आ रही जन्नत जुबैर अपने शो के कारण चर्चा में रहती हैं। इन दिनों वह लाफ्टर सेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में नजर आ रही हैं।

### हर्ष गुजराल

फेमस इंडियन कॉमेडियन हर्ष गुजराल इन दिनों अपने स्टैंडअप कॉमेडी शो को लेकर चर्चा में हैं। अमेरिकन शो की तर्ज पर बन रहे शो द ट्रेटर्स में शामिल हो सकते हैं।

### आशीष विद्यार्थी

अभिनेता आशीष विद्यार्थी भी द ट्रेटर्स में नजर आने वाले हैं। 1942: ए लव स्टोरी, इस रात की सुबह नहीं, खुफिया, तेजस और हाल ही में किल जैसी फिल्मों में काम किया है।

### साहिल सलाथिया

भारतीय अभिनेता और मॉडल साहिल सलाथिया भी करण जौहर के होस्ट किए जा रहे शो में नजर आने वाले हैं। साहिल बंदी युद्ध के, पानीपत, कौन बनेगी शिखरवती और हंसमुख में नजर आ चुके हैं।

### रफ्तार

भारतीय रैपर और प्रोड्यूसर रफ्तार उर्फ कलाथिल कुजियिल देवदासन दिलिन नायर भी द ट्रेटर्स में नजर आएंगे। वह पंजाबी और हरियाणवी संगीत कंपोज कर चुके हैं।



### उर्फी जावेद

अपने अजीबो गरीब कपड़ों को लेकर चर्चा में रहने वाली उर्फी जावेद भी इस शो द ट्रेटर्स में नजर आने वाली हैं। वह हाल ही में अपनी सीरीज फॉलो कर लो यार से चर्चा में रही थीं।

### राज कुंद्रा

बिजनेस मैन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा अक्सर चर्चा में रहते हैं। वह भी शो द ट्रेटर्स में नजर आ सकते हैं।



### करण कुंद्रा

लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट में नजर आए करण कुंद्रा भी शो द ट्रेटर्स में नजर आने वाले हैं। वह अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी यादव के साथ अक्सर सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते रहते हैं।

# डॉन 3 में काम करना चाहते थे सिद्धांत चतुर्वेदी? युध्रा से एक्शन फिल्म करने की इच्छा हुई पूरी



अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी की अपकमिंग फिल्म युध्रा का ट्रेलर लांच हो चुका है। इन दिनों अभिनेता फिल्म के प्रमोशन को लेकर बिजी हैं। अभिनेता अपने करियर में कई अलग-अलग तरह की भूमिका निभाना चाहते थे। हालांकि, युध्रा के साथ अब वह एक एक्शन पैक्ड फिल्म में काम कर दर्शकों का मनोरंजन करते हुए दिखाई देंगे। हालांकि, अब उन्होंने डॉन 3 में भी काम करने की इच्छा जताई है। हाल ही में एक रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धांत ने अपने इनसाइड एज के दिनों के गुरु रितेश सिधवानी से कहा कि उनका दिल गली बॉय के बाद एक एक्शन फिल्म के लिए कह रहा है। सिद्धांत के लिए अगला कदम रितेश से भूमिका के लिए पूछना था, लेकिन उन्होंने अभिनेता से कहा कि जिस फिल्म के लिए फरहान और श्रीधर बात कर रहे थे वह डॉन 3 नहीं थी। इसके बाद, उन्हें निर्देशक रवि उदयवार से मिलने के लिए कहा गया , जिन्हें उनका काम पसंद आया। हालांकि युध्रा, डॉन 3 नहीं थी, फिर भी सिद्धांत के लिए यह एक सपना सच होने जैसा था, क्योंकि वह बचपन से ही एक एक्शन फिल्म करना चाहते थे। उन्होंने बताया कि उन्हें इस फिल्म में बेहतरीन सह-कलाकारों और तकनीशियनों के साथ काम करने का मौका मिला। सिद्धांत की फिल्म युध्रा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।